PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Bhaskar, Delhi
Wed, 25 Jan 2017, Page 5
Width: 19.08 cms, Height: 23.76 cms, a3, Ref: 20.2017-01-25.75

सीएम वसुंधरा राजे मोदी कप की हकदार : अनंत कुमार

झालावाड़/जयपुर | झालावाड़ में 1126 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण करने पहुंचे केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री अनंत कुमार ने कहा कि सुशासन के लिए मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को 'नरेंद्र मोदी कप' दिया जाना चाहिए। अनंत कुमार ने कहा कि राजस्थान में सरकार के तीन साल पूरे हुए हैं। इस दौरान सरकार ने जो योजनाएं चलाई हैं उससे आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है।

उन्होंने भामाशाह, राजश्री और अन्नपूर्णा योजना का जिक्र भी किया। इस दौरान राजमाता विजयाराजे सिंधिया की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में विजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित भी किया। अनंत कुमार ने झालावाड़ मेडिकल कॉलेज को इंस्टीट्यूट में क्रमोन्नत करने के लिए केंद्र की तरफ से जरूरत के मुताबिक पैसा दिए जाने का भी भरोसा दिया। उन्होंने राज्य के चितौड़गढ़ जिले में सिंगल सुपरफास्फेट का प्लांट लगाए जाने, गढ़ेपान में 13 लाख मैट्रिक टन उत्पादन क्षमता के एक और यूरिया प्लांट की स्थापना करने की घोषणा भी की। कहा कि राज्य के कारखानों के लिए फोरेंसिस सेंटर देने के लिए भी केंद्र सरकार तैयार है। राजश्री योजना को बेहतरीन बताते हुए अनंत कुमार ने कहा कि मैं इस योजना का राजदूत बनकर हर राज्य में इसकी जानकारी दूंगा। इस योजना का प्रचार प्रसार करूंगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने फ्लैगशिप योजनाओं के माध्यम से विकास की गति को बढ़ाया है।